U.P.P.S.C., PRAYAGRAJ U.P.

Combined State/Upper Subordinate Services (Pre.) EXAM - 2023

Answer Key for Objection

KEY SHEET OF GENERAL STUDIES PAPER-II (GS-24)

BOOKLET :D

| QNO | KEY | QNO | KEY | QNO | KEY | QNO | KEY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 31 | A | 61 | B | 91 | B |
| 2 | C | 32 | A | 62 | A | 92 | D |
| 3 | C | 33 | A | 63 | D | 93 | A |
| 4 | B | 34 | D | 64 | A | 94 | B |
| 5 | C | 35 | B | 65 | C | 95 | A |
| 6 | A | 36 | B | 66 | B | 96 | A |
| 7 | D | 37 | C | 67 | D | 97 | D |
| 8 | B | 38 | A | 68 | B | 98 | C |
| 9 | A | 39 | C | 69 | C | 99 | D |
| 10 | B | 40 | C | 70 | D | 100 | D |
| 11 | B | 41 | A | 71 | A | | |
| 12 | D | 42 | A | 72 | A | | |
| 13 | D | 43 | C | 73 | B | | |
| 14 | D | 44 | B | 74 | D | | |
| 15 | A | 45 | B | 75 | B | | |
| 16 | A | 46 | C | 76 | A | | |
| 17 | D | 47 | B | 77 | D | | |
| 18 | A | 48 | C | 78 | C | | |
| 19 | C | 49 | D | 79 | D | | |
| 20 | A | 50 | A | 80 | A | | |
| 21 | B | 51 | A | 81 | A | | |
| 22 | A | 52 | D | 82 | D | | |
| 23 | D | 53 | A | 83 | B | | |
| 24 | B | 54 | C | 84 | A | | |
| 25 | C | 55 | B | 85 | C | | |
| 26 | C | 56 | C | 86 | B | | |
| 27 | A | 57 | B | 87 | D | | |
| 28 | B | 58 | B | 88 | D | | |
| 29 | B | 59 | B | 89 | B | | |
| 30 | C | 60 | D | 90 | C | | |

https://www.evidyarthi.in/

2023

| सीरीज़ |
|---|
| **D** |

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

कोड : **JULIET- 2 - 24**

विषय : **सामान्य अध्ययन–II**

**Question Booklet No.** प्रश्न पुस्तिका संख्या **2206704**

समय : **2** घण्टे

पूर्णांक : **200**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें — अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
अभ्यर्थी उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
आपको अपने सभी उत्तर **केवल उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **उत्तर–पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक** को सौंप दें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. उत्तर–पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।**
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए परीक्षण पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न (प्रश्न संख्या 1 से 40 के सिवाय) अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (हिन्दी / अंग्रेजी) में किसी भी अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेजी संस्करण प्रभावी होगा।
6. परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली–भाँति छपे हुए हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी परीक्षण पुस्तिका प्राप्त कर लें।
7. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **उत्तर–पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।**

***Note: English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***



https://www.evidyarthi.in

1. ''ज़िलाधिकारी ने सबको उपस्थित रहने का निर्देश दिया है'' में कौन सा वाच्य है?
(a) कर्म वाच्य
(b) कर्तृ वाच्य
(c) कर्म एवं कर्तृ वाच्य
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. अधोलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) बारात
(b) बजार
(c) बाज़ार
(d) कालीदास

3. इनमें से विलोम–शब्दों का सही युग्म है –
(a) अल्पज्ञ–अवज्ञ
(b) सन्मुख–उन्मुख
(c) आकुंचन–प्रसारण
(d) स्थावर–चंचल

4. निम्नलिखित में एक शब्द–युग्म 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है –
(a) भारती–वाणी
(b) हेम–हिरण्य
(c) गिरा–वीणापाणि
(d) शारदा–वागीशा

5. अनेकार्थी शब्द 'प्रभाव' का इनमें से एक अर्थ नहीं है, वह है –
(a) महिमा
(b) दबाव
(c) विग्रह
(d) सामर्थ्य

6. 'अत्यधिक' में कौन–सी संधि है?
(a) यण संधि
(b) अयादि संधि
(c) गुण संधि
(d) वृद्धि संधि

7. निम्नलिखित में से कौनसी लोकोक्ति लाक्षणिक अर्थ सहित सही है?
(a) ज़र का ज़ोर पूरा है, और सब अधूरा है – स्वाभिमान से जीना।
(b) जे बोले सो घी को जाए – महाकृपण
(c) जी जाए, घी न जाए – दान देने वाला
(d) टके का सब खेल है – पैसा सबकुछ करता है।

8. जिन शब्दों से काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें –
(a) क्रिया–विशेषण कहते हैं
(b) क्रिया कहते हैं
(c) सर्वनाम कहते हैं
(d) अपूर्ण क्रिया कहते हैं

9. निम्नलिखित वाक्यों में से वह वाक्य चुनिए जिसमें ''सार्वनामिक विशेषण'' का प्रयोग किया गया है –
(a) कोई आदमी आ रहा है।
(b) वह बहुत सौम्य है।
(c) पाँच लीटर दूध खरीदो।
(d) वहाँ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

10. इनमें से कौन–सा तद्भव शब्द है?
(a) अश्रु
(b) आक
(c) अंधकार
(d) आषाढ़

11. निम्नलिखित में सही विराम चिन्ह से युक्त वाक्य का चुनाव कीजिए –
(a) क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं।
(b) सुनो, सुनो, वह गा रही है।
(c) राम! लक्ष्मण! और शत्रुघ्न पधारे हैं।
(d) रामनरेश गोबर–गणेश हैं।

निर्देश प्रश्न संख्या 12 से 16 के लिए –
निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 12 से 16 तक के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर दीजिए –
''हर एक राष्ट्र अपनी संस्कृति के बल पर हीं प्रगति करता है। सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से हीं वह अपना जीवन सुखी, उपयोगी, शान्त तथा आनन्दमय बना सकता है। सभ्यता और संस्कृति में घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है। जीवन को श्रेष्ठ तथा उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम संस्कृति है और उन साधनाओं से प्राप्त जीवन प्रणाली का नाम सभ्यता है। किसी राष्ट्र की भौगोलिक परिस्थितियों का भी उनकी संस्कृति पर प्रभाव पड़ता है।''

12. गद्यांश का सही शीर्षक है –
(a) राष्ट्र के विकास में परिस्थिति का योगदान
(b) राष्ट्र के विकास में सभ्यता का योगदान
(c) राष्ट्र के विकास में प्रकृति का योगदान
(d) राष्ट्र के विकास में संस्कृति का योगदान


https://www.evidyarthi.in

13. सभ्यता और संस्कृति में –
(a) केवल अंतर है
(b) कोई सम्बन्ध नहीं है
(c) केवल घनिष्ठ सम्बन्ध है
(d) घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है

14. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं है?
(a) परिस्थिति
(b) संस्कृति
(c) सभ्यता
(d) प्रकृति

15. प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहां की –
(a) भौगोलिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(b) औद्योगिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(c) कलात्मक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

16. राष्ट्र किस के बल पर प्रगति करते हैं?
(a) संस्कृति के बल पर
(b) साहित्य के बल पर
(c) संगीत के बल पर
(d) कला के बल पर

17. विसर्ग (:) का उच्चारण स्थान है –
(a) अनुनासिक
(b) तालव्य
(c) ओष्ठ्य
(d) कण्ठ्य

18. 'घोंघा बसंत' मुहावरे का अर्थ है –
(a) मूर्ख
(b) व्यवहार कुशल
(c) बुद्धिमान
(d) वश में होना

19. लोधान्ती इनमें से किस बोली की उपभाषा के अन्तर्गत आती है?
(a) मालवी
(b) गढ़वाली
(c) बुन्देली
(d) छत्तीसगढ़ी

20. निम्नलिखित में से किस एक वाक्य के एक शब्द में व्यंजन–वर्ण सम्बन्धी अशुद्धि है?
(a) उसे धोका देकर लूट लिया।
(b) जमींदार के पास दो सिपाही थे।
(c) लोग मजदूरों का शोषण करते है।
(d) तुम किस कक्षा में पढ़ते हो।

21. "अवधी" किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?
(a) शौरसेनी अपभ्रंश से
(b) अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से
(c) मागधी अपभ्रंश से
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
(a) रवितनया
(b) देवनदी
(c) त्रिपथगा
(d) भगीरथ

23. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है –
(a) छात्रों ने प्रधानमंत्री को अभिनंदन पत्र प्रदान किया।
(b) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(c) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
(d) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।

24. द्विरुक्ति संबंधी अशुद्ध शब्द नहीं है –
(a) गजराज हाथी
(b) अच्छी संगति
(c) अच्छा सदुपयोग
(d) आपकी भवदीया

25. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) वानर
(b) क्षुर
(c) खार
(d) क्षेत्र

Instruction for the Question Nos. 26 to 30 :

Read the following passage carefully and answer the following questions that follow:

We in India have our own special problems. No one can deny that some of them are of a serious nature and must be attacked with vigour and determination. Our national objectives have been defined clearly. We aims at providing every citizen with the basic necessities and complete freedom to lead a life of his or her own choice. We aim to create a democratic society, strong and free in which every citizen, irrespective of his religious beliefs, will occupy an equal and honoured place, and be given full and equal opportunities for growth and service. We aim at ending untouchability and doing away with the present inequalities of status and wealth. We are opposed to the concentration of wealth in a few hands.

26. This passage could most probably be a part of -
(a) A Personal Letter
(b) The Indian Constitution
(c) A Speech
(d) A book on Political Science

27. Pick out the wrong statement -
(a) The problems of Indians are like anyone else's.
(b) Some of our problems can be handled only by strong people.
(c) Our goal is to build an Indian free from economic exploitation.
(d) There is no uncertainty about our national objectives.

28. What is the synonym of the phrasal verb 'doing away with' used in the passage?
(a) create
(b) abolish
(c) doing with
(d) remain forever

29. According to the author our national objective is to -
(a) end economic prosperity in the country.
(b) promote individual freedom and prosperity.
(c) favour the concentration of wealth in a few hands.
(d) create unequal opportunities for all.

30. The underline word in the passage 'vigour' means -
(a) physical tension
(b) loose temper
(c) force
(d) forcefulness of language

31. Choose the correct word which is opposite in meaning of the given word.
Recede
(a) Advance
(b) Forward.
(c) Rush
(d) Approach

32. Choose the correct one which best expresses the meaning of the phrase of the underlined words -
I am like a cog in the wheel of this company.
(a) an unimportant person
(b) the least paid employee
(c) a technician
(d) an important person

33. Fill in the blank with the appropriate word given below.

The Air India...............concessional tickets these days.

(a) is issuing
(b) issues
(c) have issued
(d) issued

2206704

34. Select the correct indirect speech of the given sentence -

I said to him, "Let us go out for a walk."

(a) I suggested to him that we should go out for a walk.
(b) I requested him that we should go out for a walk.
(c) I told him that they should go out for a walk.
(d) I suggested him that they should go out for a walk.

35. Which of the following is correctly punctuated?

What a beautiful painting did you paint it.

2206704

(a) What a beautiful painting -did you paint it!
(b) What a beautiful painting! Did you paint it?
(c) What a beautiful painting did you paint it.
(d) What a beautiful painting: did you paint it?

36. Transform the following simple sentence into complex sentence -

He admitted his mistake.

(a) He admitted that he was making a mistake.
(b) He admitted that he had made a mistake.
(c) He admitted that he was mistaken.
(d) He admitted to making a mistake.

2206704

37. Find out the misspelt word -

(a) reign
(b) believe
(c) decieve
(d) seize

believe bel
regin

38. Change the voice and select the correct passive voice from the given options -

Someone gave her bull dog.

2206704

(a) A bull dog was given to her.
(b) She has been given a bull dog.
(c) She is being given a bull dog by someone.
(d) She was given a bull dog.

39. Consider the following statement and choose the correct option -

The Dash is used -

(I) To indicate an abrupt stop or change of thought

(II) To resume a scattered subject

(a) Only (I)
(b) Only (II)
(c) Both (I) and (II)
(d) Neither (I) nor (II)

40. Choose the correct word which expresses the meaning of the underlined word of the sentence given below -

Deepak has a <u>penchant</u> for fine poetry.

(a) Desire
(b) Bias
(c) Liking
(d) Training



https://www.evidyarthi.in

41. If E = 5, AMENDMENT = 89, then SECRETARY is equal to -
(a) 114 (b) 100
(c) 112 (d) 115

41. यदि E = 5, AMENDMENT = 89 हो, तो SECRETARY बराबर है –
(a) 114 (b) 100
(c) 112 (d) 115

42. There is a clock, that is 3 minutes late on Sunday at 2 p.m. and it is 5 minutes fast on Tuesday on 2 p.m., when did the clock show the right time?
(a) Monday 8 a.m. (b) Tuesday 2 a.m.
(c) Tuesday 6 a.m. (d) Monday 10 a.m.

42. एक घड़ी जो रविवार को दोपहर 2 बजे 3 मिनट पीछे है और मंगलवार को दोपहर में 2 बजे 5 मिनट आगे है। इस घड़ी ने ठीक समय कब दिखाया?
(a) सोमवार सुबह 8 बजे (b) मंगलवार सुबह 2 बजे
(c) मंगलवार सुबह 6 बजे (d) सोमवार सुबह 10 बजे

43. If in any code language, LC is written as 6 and TE is written as 10, then what will be the code of PD in the same code language?
(a) 7 (b) 12
(c) 8 (d) 9

43. यदि किसी कोड भाषा में, LC को 6 तथा TE को 10 लिखा जाता है, तो उसी कोड भाषा में PD का कोड क्या होगा?
(a) 7 (b) 12
(c) 8 (d) 9

44. If the radius of a cylinder is increased by 25%, then by how much percent the height must be reduced, so that the volume of the cylinder remains same?
(a) 58 (b) 36
(c) 42 (d) 62

44. यदि बेलन की त्रिज्या में 25% की वृद्धि कर दी जाए, तो ऊँचाई को कितने प्रतिशत घटाया जाये जिससे बेलन का आयतन अपरिवर्तित रहे?
(a) 58 (b) 36
(c) 42 (d) 62

45. Which of the following is determined with the help of histogram?
(a) Median (b) Mode
(c) Harmonic mean (d) Arithmetic mean

45. आयत चित्र निम्न में से किसके निर्धारण में सहायता करता है?
(a) माध्यिका (b) बहुलक
(c) हरात्मक माध्य (d) समान्तर माध्य

46. Choose the set of numbers from the alternatives which is similar to the set (6, 36, 63) -
(a) (11, 111, 84) (b) (94, 44, 5)
(c) (8, 64, 46) (d) (7, 49, 98)

46. विकल्पों में से अंकों के समुच्चय को चुनिए जो समुच्चय (6, 36, 63) के समरूप है –
(a) (11, 111, 84) (b) (94, 44, 5)
(c) (8, 64, 46) (d) (7, 49, 98)

47. If two dogs start running in opposite directions on a circular path of diameter 7 m with the speed 2.5 m/sec. and 3 m/sec., then how long will they take to be at maximum distance?
(a) 1 second (b) 2 second
(c) 3 second (d) 4 second

47. यदि दो कुत्ते एक 7 मी. व्यास वाले वृत्ताकार पथ पर विपरीत दिशाओं में 2.5 मी. / सेकेण्ड एवं 3 मी. / सेकेण्ड की गति से दौड़ना आरंभ करते हैं, तो आपस में अधिकतम दूर होने में उन्हें कितना समय लगेगा?
(a) 1 सेकेण्ड (b) 2 सेकेण्ड
(c) 3 सेकेण्ड (d) 4 सेकेण्ड

48. If a subject attempts to solve a problem on the basis of his past experience, it is called -
(a) Transfer effect (b) Confirmation bias
(c) Mental set (d) None of these

48. यदि कोई प्रयोज्य किसी समस्या का समाधान अपने पूर्वानुभव के आधार पर करने का प्रयास करता है, तो इसे ................ कहा जाता है।
(a) अन्तरण प्रभाव (b) पुष्टीकरण पक्षपात
(c) मानसिक विन्यास (d) इनमें से कोई नहीं

49. Who has said, 'Decision making involves evaluating alternatives and making choices among them.'?
(a) Rathus (b) Matlin
(c) Baron (d) Santrock

49. किसने कहा, 'निर्णयन व्यवहार विकल्पों का मूल्यांकन तथा उनमें से चयन करना है।'?
(a) रथस (b) मैटलिन
(c) बैरन (d) सैण्ट्रॉक

50. Choose the number pair/group which is different from others -

(a) 18:73 (b) 8:25

(c) 15:46 (d) 22:67

51. If $a + b = \frac{a}{b} + \frac{b}{a}$, then the value of $a^2 + b^2$ is -

(a) 2 (b) 1

(c) 8 (d) 0

52. If X men complete a work in 40 days and after adding 5 extra men 10 days are saved, then 30 men will complete this work in -

(a) 10 days (b) 40 days

(c) 30 days (d) 20 days

53. A and B are brother and sister respectively. C is father of A, D is sister of C and E is mother of D, then how is B related to E?

(a) Grand daughter (b) Great Grand daughter

(c) Aunt (d) Daughter

54. A train of length 140 m is running at a speed of 60 km/hr and a cat is running in the same direction parallel to the train at a speed of 18 km/hr. The train will cross the cat in -

(a) 11 seconds (b) $12\frac{1}{2}$ seconds

(c) 12 seconds (d) 10 seconds

55. Algorithm is a type of -

(a) Rule of thumb (b) Mechanical solution

(c) Means-end analysis (d) Heuristics

56. Which one of the following methods of problems solving gives guarantee of success?

(a) Heuristics method (b) Planning method

(c) Algorithms method (d) Backward method

57. **Statement :** College students should be restricted from participating in political activities.

**Argument :** (I) Yes, college students should concentrate on studies.

(II) Yes, colleges are becoming battle ground for political parties.

Select the correct answer -

(a) Only argument I is strong (b) Only argument II is strong

(c) Neither I nor II is strong (d) Both I and II are strong

50. अंक युग्म / समूह को चुनें जो अन्य से भिन्न हो –

(a) 18:73 (b) 8:25

(c) 15:46 (d) 22:67

51. यदि $a + b = \frac{a}{b} + \frac{b}{a}$, तो $a^2 + b^2$ का मान है –

(a) 2 (b) 1

(c) 8 (d) 0

52. यदि X आदमी एक काम को 40 दिनों में पूरा करते हैं और 5 अतिरिक्त आदमी लगाने से 10 दिनों की बचत होती है, तो 30 आदमी इस काम को पूरा करेंगे –

(a) 10 दिनों में (b) 40 दिनों में

(c) 30 दिनों में (d) 20 दिनों में

53. A तथा B क्रमशः भाई और बहन हैं। C, A का पिता; D, C की बहन और E, D की माँ हो, तो B, E से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पोती (b) प्रपोत्री

(c) चाची (d) बेटी

54. 140 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 60 कि.मी. / घण्टे की चाल से जा रही है और एक बिल्ली उसी दिशा में रेलगाड़ी के समानान्तर 18 कि.मी. / घण्टे की चाल से दौड़ रही है। रेलगाड़ी बिल्ली को पार कर लेगी –

(a) 11 सेकेण्ड में (b) $12\frac{1}{2}$ सेकेण्ड में

(c) 12 सेकेण्ड में (d) 10 सेकेण्ड में

55. एल्गोरिथम एक प्रकार है –

(a) व्यवहारिक नियम का (b) यांत्रिक समाधान का

(c) साधन–साध्य विश्लेषण का (d) स्वतः शोध का

56. समस्या समाधान की निम्नलिखित विधियों में कौनसी एक विधि सफलता पाने की गारण्टी देती है?

(a) स्वतः शोध विधि (b) योजना विधि

(c) एल्गोरिथम विधि (d) पश्चगामी विधि

57. **कथन :** कॉलेज के छात्रों को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

**तर्क :** (I) हां, कॉलेज के छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

(II) हां, कॉलेज राजनैतिक दलों के लिए जंग का मैदान बनते जा रहे हैं।

सही उत्तर का चयन करें –

(a) केवल तर्क I प्रबल है (b) केवल तर्क II प्रबल है

(c) न तो तर्क I और न II प्रबल है (d) दोनों I एवं II प्रबल हैं



https://www.evidyarthi.in

58. Which one of the following is not used by the people as a method of problem solving?
(a) Trial and Error (b) Functional Fixedness
(c) Algorithms (d) Heuristics

59. Which one of the following is not a psychological barrier in communication?
(a) Inattention (b) Bodily expressed message
(c) Distrust in communication (d) Premature evaluation

60. Given below are two statements, one is labelled as assertion (A) and other as reason (R) –
**Assertion (A)** – Clarity of communication is essential for effective communication process.
**Reason (R)** – Because adequacy and timing is not essential for effective communication process.
Select correct answer using code given below -
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)
(b) (A) is false but (R) is true
(c) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)
(d) (A) is true but (R) is false

61. Shyam is friend of Ram. Pointing to Manish, Shyam asked Ram, who is he? Ram said, "His son is my son's uncle", Manish is related to Ram as -
(a) Brother (b) Father
(c) Grandfather (d) Father-in-law

62. Which one of the following years will have the same calender as of 2009?
(a) 2015 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2014

58. निम्नांकित में से कौनसा एक समस्या समाधान की विधि के रूप में लोगों द्वारा उपयोग में नहीं लाया जाता है?
(a) प्रयास एवं त्रुटि (b) प्रकार्यात्मक स्थिरता
(c) एल्गोरिथम (d) स्वतः शोध

59. निम्नलिखित में से कौन संचार में, एक मनोवैज्ञानिक बाधा नहीं है?
(a) अनवधान (b) शारीरिक रूप से व्यक्त संदेश
(c) संचार में अविश्वास (d) समय से पूर्व मूल्यांकन

60. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –
**अभिकथन (A)** – संचार की स्पष्टता प्रभावपूर्ण संचार प्रक्रिया के लिए आवश्यक है।
**कारण (R)** – क्योंकि एडिक्वेसी (पर्याप्तता) एवं टाइमिंग (समय निर्धारण) प्रभावपूर्ण संचार प्रक्रिया के लिए आवश्यक नहीं है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) (A) गलत है किन्तु (R) सत्य है
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(d) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है

61. श्याम राम का मित्र है। मनीष की ओर इशारा करते हुए श्याम ने राम से पूछा कि वह कौन है? राम ने कहा, "उसका बेटा मेरे बेटे का चाचा है।" मनीष का राम से क्या संबंध है?
(a) भाई (b) पिता
(c) दादा (d) श्वसुर

62. निम्न में से किस वर्ष का कैलेंडर वर्ष 2009 की तरह का होगा?
(a) 2015 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2014

63. Arrange the following elements of communication process in correct sequence –
(1) Source
(2) Channel
(3) Receiver
(4) Message
(5) Feedback
(6) Noise
(a) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (b) 4, 5, 6, 1, 2, 3
(c) 1, 3, 4, 2, 6, 5 (d) 1, 4, 2, 3, 6, 5

64. **Assertion (A)** – Interpersonal attraction is a part of social interaction.
**Reason (R)** – It is necessary for survival.
(a) (A) is true but (R) is false
(b) (A) is false but (R) is true
(c) Both (R) and (A) are true but (R) is not correct explanation of (A)
(d) Both (R) and (A) are true and (R) is correct explanation of (A)

65. If on 31st March, 2008 is Monday, then what day shall be on 31st March, 2011?
(a) Saturday (b) Sunday
(c) Thursday (d) Tuesday

66. Functional fixedness produces .................... in problem solving process.
(a) Partial facilitation (b) Blocking
(c) No effect (d) Facilitation

67. Select one alternative from the following, which is not a way of dealing with rumours -
(a) Use of reliable sources
(b) Reduction of causes
(c) Providing facts
(d) Concealment of fact from leaders of community

68. If both the square root and the cube root of a three digit natural number belongs to the set of natural numbers, then the sum of its digits is -
(a) 9 (b) 18
(c) No such number exists (d) 10

69. Find the correct alternative from the following –
Glasses : ? : : Bicycle : Unicycle
(a) Mirror (b) Face
(c) Monocle (d) Pedal

63. संचार प्रक्रिया के निम्नलिखित तत्वों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए –
(1) स्त्रोत
(2) माध्यम
(3) प्राप्तकर्ता
(4) संदेश
(5) प्रतिपुष्टि
(6) शोर
(a) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (b) 4, 5, 6, 1, 2, 3
(c) 1, 3, 4, 2, 6, 5 (d) 1, 4, 2, 3, 6, 5

64. **अभिकथन (A)** – अंतर्वैयक्तिक आकर्षण सामाजिक अंतर्क्रिया का एक भाग है।
**कारण (R)** – यह उत्तरजीविता हेतु आवश्यक है।
(a) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है
(b) (A) गलत है किन्तु (R) सत्य है
(c) (R) और (A) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(d) (R) और (A) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

65. यदि 31 मार्च, 2008 को सोमवार है, तो 31 मार्च, 2011 को कौनसा दिन होगा?
(a) शनिवार (b) रविवार
(c) बृहस्पतिवार (d) मंगलवार

66. प्रकार्यात्मक स्थिरता समस्या समाधान प्रक्रम में .......................... उत्पन्न करती है।
(a) आंशिक सहायता (b) बाधा
(c) कोई प्रभाव नहीं (d) सहायता

67. निम्नलिखित विकल्पों में से किसी एक विकल्प को चुनिए, जो अफवाह को सुलझाने का तरीका न हो –
(a) विश्वसनीय स्त्रोतों का प्रयोग करना
(b) कारणों को कम करना
(c) तथ्य उपलब्ध कराना
(d) समुदाय के नेताओं से तथ्य छिपाना

68. यदि किसी तीन अंकों वाली प्राकृतिक संख्या के वर्गमूल व घनमूल दोनों ही प्राकृतिक संख्याओं के समुच्चय के सदस्य हों, तो संख्या के अंकों का योग है –
(a) 9 (b) 18
(c) कोई ऐसी संख्या विद्यमान नहीं है (d) 10

69. निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए –
चश्मा : ? : : साईकिल : यूनीसाईकिल
(a) शीशा (b) चेहरा
(c) मोनोकल (d) पैडल


2206704
https://www.evidyarthi.in/

70. Anoop and Sunil are ranked seventh and eleventh respectively from the top in the class of 31 students. What will be their respective ranks from the bottom in the class?
(a) 24th and 20th (b) 26th and 22nd
(c) 20th and 23rd (d) 25th and 21st

71. Internal conflict that occurs, when people receive information incompatible with their value system is known as -
(a) Cognitive Dissonance (b) Political Dissonance
(c) Environmental Dissonance (d) Social Dissonance

72. Blind and not blind is an example of -
(a) Qualitative data (b) Quantitative data
(c) Both (a) and (b) (d) None of these

73. Anuj is facing North-East. He turned 90° in the clockwise direction, then 180° in the anticlockwise and then another 90° in the same direction. Which direction is he facing now?
(a) North – West (b) South – West
(c) South – East (d) North

74. This is a number series given below. What will be the next number in the series?
1, 0, 5, 8, 17, 24, ...........
(a) 31 (b) 35
(c) 33 (d) 37

75. Originally who developed the concept of 'Transactional Analysis'?
(a) Joseph Luft (b) Eric Berne
(c) Harrington Ingham (d) None of the above

76. Which one of the following is NOT a component of listening?
(a) Persuasion (b) Responding
(c) Evaluating (d) Sensing

77. If the area of the base of a cone is increased by 100%, then the volume is increased by -
(a) 141% (b) 182%
(c) 100% (d) 200%

78. For one possible solution after another is tried until a successful one is found, is called -
(a) Insight (b) Guess
(c) Trial and Error (d) None of these

70. एक कक्षा के 31 छात्रों में अनूप और सुनील का क्रम ऊपर से क्रमशः सातवां और ग्यारहवां है। कक्षा में नीचे से उनका क्रमशः क्रम क्या होगा?
(a) 24 वां और 20 वां (b) 26 वां और 22 वां
(c) 20 वां और 23 वां (d) 25 वां और 21 वां

71. आंतरिक तनाव, जब ऐसी स्थिति के कारण उत्पन्न हो, जो कि अपने आंतरिक मूल्यों के विरुद्ध सूचना प्राप्त होने से होता है, उसे किस रूप में जाना जाता है?
(a) संज्ञानात्मक विसंगति (b) राजनीतिक विसंगति
(c) पर्यावरणीय विसंगति (d) सामाजिक विसंगति

72. अंधा और अंधा नहीं एक उदाहरण है –
(a) गुणात्मक समंक (b) संख्यात्मक समंक
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

73. अनुज का मुख उत्तर–पूर्व की ओर है। वह 90° घड़ी की दिशा में घूमें, फिर 180° वामावर्त्त दिशा में और फिर पुनः 90° उसी दिशा में घूमें। अब वह किस दिशा की ओर उन्मुख है?
(a) उत्तर – पश्चिम (b) दक्षिण – पश्चिम
(c) दक्षिण – पूर्व (d) उत्तर

74. नीचे अंक श्रृंखला दी गई है। इसका अगला अंक कौन सा होगा?
1, 0, 5, 8, 17, 24, ...........
(a) 31 (b) 35
(c) 33 (d) 37

75. 'संव्यवहार विश्लेषण' सिद्धांत को मूलतः सर्वप्रथम किसने विकसित किया?
(a) जोसेफ लुफ्ट (b) एरिक बर्न
(c) हैरिंगटन इंघम (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. निम्नलिखित में से कौन श्रवण का तत्व नहीं है?
(a) अनुनय (b) प्रतिक्रिया करना
(c) मूल्यांकन (d) संवेदन

77. यदि किसी शंकु के आधार का क्षेत्रफल 100% बढ़ा दिया जाये, तो उसके आयतन में वृद्धि होगी –
(a) 141% (b) 182%
(c) 100% (d) 200%

78. एक सम्भाव्य समाधान के लिए सफलता मिलने तक प्रयास करना ........................ कहा जाता है।
(a) सूझबूझ (b) अनुमान
(c) प्रयास एवं त्रुटि (d) इनमें से कोई नहीं


https://www.evidyarthi.in

79. Given below are two statements, one is labelled as assertion (A) and other is reason (R) –

**Assertion (A)** – Oral communication is a useful channel of communication.

**Reason (R)** – Because oral communication has no proof what has been communicated.

Select the correct answer using the code given below -

(a) (A) is false but (R) is true
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)
(c) (A) is true but (R) is false
(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)

79. नीचे दो कथन हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A)** – मौखिक संचार एक उपयोगी संचार का माध्यम है।

**कारण (R)** – क्योंकि मौखिक संचार में क्या कहा गया है, इसका प्रमाण नहीं रहता।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

(a) (A) गलत है किन्तु (R) सत्य है
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

80. Refer to the statements given below –

I. All boys are truthful.

II. Kamal is boy.

Conclusion –

(1) Kamal is truthful.

(2) All truthful persons are boys.

Select the correct answer using the code -

(a) Only (1) is correct
(b) Only (2) is correct
(c) (1) and (2) both are correct
(d) Neither (1) nor (2) is correct

80. निम्न कथनों का संदर्भ लें –

I. सभी बालक सत्यवादी हैं।

II. कमल बालक है।

निष्कर्ष –

(1) कमल सत्यवादी है।

(2) सभी सत्यवादी बालक होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए –

(a) केवल (1) सही है
(b) केवल (2) सही है
(c) (1) तथा (2) दोनों सही हैं
(d) न तो (1), न ही (2) सही है

81. Inductive reasoning is based on -

(a) Specific to general principle
(b) General to specific principle
(c) Both type principles
(d) None of these

81. आगमनात्मक तर्क आधारित है –

(a) विशिष्ट से सामान्य सिद्धांत पर
(b) सामान्य से विशिष्ट सिद्धांत पर
(c) दोनों प्रकार के सिद्धांतों पर
(d) इनमें से कोई नहीं

82. Arrange the following words in the meaningful manner –

(1) Train

(2) Car

(3) Cycle

(4) Bus

(a) 1, 3, 4, 2
(b) 3, 4, 1, 2
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 3, 2, 4, 1

82. निम्नलिखित शब्दों को सर्वाधिक अर्थपूर्ण रूप में व्यवस्थित करें –

(1) रेल

(2) कार

(3) साईकिल

(4) बस

(a) 1, 3, 4, 2
(b) 3, 4, 1, 2
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 3, 2, 4, 1



https://www.evidyarthi.in

83. The semi diameters of bases of two cylinders A and B are in the ratio 3:2 and their heights are in the ratio n:1. If volume of cylinder A is 3 times of volume of cylinder B, then value of n is -

(a) $\frac{3}{2}$ (b) $\frac{4}{3}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) $\frac{2}{3}$

84. The missing letter in the sequence Q, N, K, ?, E is -

(a) H (b) L

(c) P (d) N

85. Which problem task is not used in animal subjects among following?

(a) Double alternation problem (b) Detour problem

(c) Anagrams (d) Puzzle box

86. 11 observations are arranged in ascending order. If 10 and 9 are respectively the arithmetic means of observation on even and odd places, then the mean of all 11 observations is -

(a) 9.48 (b) 9.45

(c) 9.50 (d) 8.63

87. Three numbers are in the ratio of 3:4:5 and their HCF and LCM are 40 and 2400, respectively, then the largest number is -

(a) 40 (b) 360

(c) 240 (d) 200

88. Which one of the following is not a type of informal communication network?

(a) Cluster (b) Probability

(c) Gossip (d) Circular

89. Which type of problem was used by Kohler in problem solving?

(a) Verbal material (b) Detour problems

(c) Puzzle box (d) None of these

90. Which communication network promotes an individual to communicate confidential information only with his immediate superior or subordinate?

(a) Gossip – chain (b) Cluster – chain

(c) Single – chain (d) Wheel – chain

91. In the communication model, the process of putting the ideas into a message is known as -

(a) Decoding (b) Encoding

(c) Persuasion (d) Interference

83. दो बेलनों A तथा B के आधारों के अर्द्धव्यास 3:2 के अनुपात में हैं तथा इनकी ऊँचाईयाँ n:1 के अनुपात में हैं। यदि बेलन A का आयतन, बेलन B के आयतन का 3 गुना हो, तो n का मान होगा –

(a) $\frac{3}{2}$ (b) $\frac{4}{3}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) $\frac{2}{3}$

84. अनुक्रम Q, N, K, ?, E में लुप्त अक्षर है –

(a) H (b) L

(c) P (d) N

85. निम्नांकित में से कौन सा समस्यात्मक कार्य पशु प्रयोज्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाता है?

(a) दुहरी क्रमान्तरण समस्याएं (b) अप्रत्यक्ष पथ समस्याएं

(c) एनाग्राम्स (d) पहेली मंजूषा

86. 11 प्रेक्षणों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। यदि 10 एवं 9 क्रमशः सम व विषम स्थानों पर आने वाले प्रेक्षणों के समांतर माध्य हैं, तो सभी 11 प्रेक्षणों का माध्य है –

(a) 9.48 (b) 9.45

(c) 9.50 (d) 8.63

87. तीन संख्याओं का अनुपात 3:4:5 है एवं उनके HCF और LCM क्रमशः 40 और 2400 हैं, तो उनमें सबसे बड़ी संख्या है –

(a) 40 (b) 360

(c) 240 (d) 200

88. निम्नलिखित में से कौन सी एक प्रणाली अनौपचारिक संचार नेटवर्क का प्रकार नहीं है?

(a) समूह (b) संभाव्यता

(c) गपशप (d) सर्कुलर (परिपत्र)

89. समस्या समाधान में कोहलर के द्वारा किस प्रकार की समस्या का प्रयोग किया गया?

(a) शाब्दिक सामग्री (b) अप्रत्यक्ष पथ समस्याएं

(c) पहेली मंजूषा (d) इनमें से कोई नहीं

90. इनमें से कौन सा संचार तंत्र किसी व्यक्ति को अपने से उच्च अधिकारी अथवा अपने अधीनस्थ अधिकारी को गोपनीय सूचना देने की प्रेरणा देता है?

(a) गपशप – श्रृंखला (b) समूह – श्रृंखला

(c) एकल – श्रृंखला (d) चक्र – श्रृंखला

91. संचार मॉडल में, विचारों को संदेश में डालने की प्रक्रिया को किस रूप में जाना जाता है?

(a) असंकेतीकरण (b) संकेतीकरण

(c) अनुनय (d) हस्तक्षेप

2206704



https://www.evidyarthi.in

92. Find the missing number in the following -
2, 3, 4, 6, 6, 9, 8, 12, 10, ................., 12, 18, 14, 21, 16, 24

(a) 9 (b) 21
(c) 16 (d) 15

93. Find the correct alternative for the missing term -
ABC, 6, EFG, 210, IJK, ?

(a) 990 (b) 999
(c) 1000 (d) 190

94. Find the odd one from the given alternatives -

(a) FRHT (b) JOKQ
(c) AXCZ (d) TBVD

95. Paralanguage is related to -

(a) Non-verbal communication (b) Verbal communication
(c) Interpersonal skills (d) Downward communication

96. If the LCM and HCF of two polynomials are $(x + 1)(x^2 + 6x + 8)$ and $(x + 1)$ respectively and one of the polynomial is $x^2 + 5x + 4$, then the other is -

(a) $x^2 + 3x + 2$ (b) $x^2 - 3x + 2$
(c) $x^2 + 2x + 3$ (d) $x^2 - 2x + 3$

97. The relation that is there between 6 and 16, remains the same between 12 and ...............

(a) 29 (b) 23
(c) 42 (d) 34

98. Select the related number from the given alternatives –
4 : 17 : : 7 : ?

(a) 51 (b) 49
(c) 50 (d) 48

99. If after selling 30 pens, the seller observes the profit of sell price of 10 pens, then the profit percentage is -

(a) 200% (b) 66.67%
(c) 33.33% (d) 50%

100. HCF of two numbers is 25 and other factors of their LCM are 14 and 15. Sum of the numbers is -

(a) 750 (b) 775
(c) 700 (d) 725

92. निम्नलिखित में विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए –
2, 3, 4, 6, 6, 9, 8, 12, 10, ................., 12, 18, 14, 21, 16, 24

(a) 9 (b) 21
(c) 16 (d) 15

93. लुप्त पद के लिए सही विकल्प ज्ञात कीजिए –
ABC, 6, EFG, 210, IJK, ?

(a) 990 (b) 999
(c) 1000 (d) 190

94. दिये गये विकल्पों में से विषम चुनिए –

(a) FRHT (b) JOKQ
(c) AXCZ (d) TBVD

95. पराभाषा (पारालैंग्वेज) संबंधित है –

(a) अवाचिक संप्रेषण से (b) वाचिक संप्रेषण से
(c) अन्तःवैयक्तिक कौशलों (d) अधोगामी संप्रेषण से से

96. यदि दो बहुपदों के LCM और HCF क्रमशः $(x + 1)(x^2 + 6x + 8)$ तथा $(x + 1)$ है और उनमें से एक बहुपद $x^2 + 5x + 4$ हो, तो दूसरा बहुपद है –

(a) $x^2 + 3x + 2$ (b) $x^2 - 3x + 2$
(c) $x^2 + 2x + 3$ (d) $x^2 - 2x + 3$

97. जो संबंध 6 तथा 16 में है, वही संबंध 12 तथा ...................... में है।

(a) 29 (b) 23
(c) 42 (d) 34

98. दिए गए विकल्पों से संबंधित संख्या का चयन कीजिए –
4 : 17 : : 7 : ?

(a) 51 (b) 49
(c) 50 (d) 48

99. यदि एक विक्रेता को 30 कलम बेचने के बाद 10 कलमों के विक्रय मूल्य का लाभ होता है, तो लाभ का प्रतिशत है –

(a) 200% (b) 66.67%
(c) 33.33% (d) 50%

100. दो संख्याओं का HCF 25 है तथा उसके LCM के अन्य गुणनखण्ड 14 और 15 हैं। संख्याओं का योग है –

(a) 750 (b) 775
(c) 700 (d) 725